# श्री देव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय
बादशाहीथौल (टिहरी गढ़वाल) उत्तराखण्ड़–249199
**Sri Dev Suman Uttarakhand University**
Badshahithaul (Tehri Garhwal) Uttarakhand - 249199

**पत्रांकः–८५१६/आर0ओ0/एसडीएसयूवी/6 दी0समा0/2025** **दिनांकः १० दिसम्बर, 2025**

## कोटेशन विज्ञप्ति

श्रीदेव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय, बादशाहीथौल, टिहरी गढवाल का षष्टम दीक्षान्त समारोह पं0ल0मो0शर्मा परिसर, ऋषिकेश में माह दिसम्बर 2025 (मा0 कुलाधिपति के अनुमोदन के उपरान्त तिथि को आगे विस्तारित किया जा सकता है) में आयोजित किया जाना है। दीक्षांत समारोह हेतु स्मारिका मुद्रण, जूट फोल्डर, लेदर फोल्डर, मल्टीकलर फोल्डर इत्यादि की व्यवस्था की जानी है। उक्त कार्य हेतु इच्छुक फर्मों से सीलबन्द कोटेशन पंजीकृत डाक, ईमेल एवं व्यक्तिगत माध्यम से **दिनांक 15 दिसम्बर 2025 अपराह्न 02:00 बजे** तक आमन्त्रित की जाती हैं।

अतः यदि इच्छुक फर्म निम्नलिखित सेवा शर्तो के आधार पर उपरोक्त कार्य करने के इच्छुक है, तो अपनी फर्म की कोटेशन/दरें प्रशासनिक अधिकारी, पं0ल0मो0शर्मा परिसर, ऋषिकेश कार्यालय में **दिनांक 15 दिसम्बर 2025 अपराह्न 02:00 बजे** तक निम्नानुसार प्रेषित करने का कष्ट करें।

**कार्य का विवरण–**

| क्रम सं0 | कार्य का विवरण | अनुमानित | धनराशि (कर अतिरिक्त) |
|---|---|---|---|
| 01 | स्मारिका मुद्रण 21*27/4 साईज में 80 पेज, 180 जी0एस0एम0 (मल्टीकलर मुद्रण कवर 300 जी0एस0एम0, आर्ट कार्ड, गोल्डन फॉयल, थर्मल लेमिनेशन बाईंडिग सहित) | 500 | |
| 02 | प्रिंटेड** उच्च क्वालिटी लेदर डिग्री फोल्डर,, 32* 24 से0मी0 साईज, कॉर्नर चारों तरफ | 100 | |
| 03 | प्रिंटेड** थर्मल लेमिनेटेड मल्टीकलर फोल्डर, 32* 24 से0मी0 साईज 400 जी0एस0एम0, पॉकेट दोनों तरफ | 300 | |
| 04 | प्रिंटेड** जूट फोल्डर, 32* 24 से0मी0 साईज | 40 | |

***कर का भुगतान अतिरिक्त रूप से किया जायेगा।**

** **प्रिंटिग हेतु विवरण पृथक से उपलब्ध कराया जायेगा।**

**सेवा शर्तेः**

1. कोटेशन में प्रतिभाग करने वाली फर्मों का जी0एस0टी0 रजिस्ट्रेशन होना आवश्यक है तथा कोटेशन के साथ रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र संलग्न किया जाना अनिवार्य है।
2. फर्म के पास उपरोक्त कार्य का अनुभव प्रमाण पत्र/कार्यादेश/भुगतान आदेश/अनुबन्ध (न्यूनतम रू0 2,00,000.00 तक) संलग्न किया जाना आवश्यक है।

E:\Rawat\Office Work\Forwording

3. कोटेशन प्रदाता को चयन के उपरान्त कार्य के मूल्य का 05 प्रतिशत धरोहर धनराशि डिमान्ड ड्राफ्ट के रूप में (मुख्य वित्त अधिकारी, श्रीदेव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय, बादशाहीथौल, टिहरी गढवाल के नाम) जमा कराना होगा जिसके उपरान्त ही कार्यादेश निर्गत किया जायेगा। धरोहर धनराशि को कार्य समापन के 15 दिनों के अन्तर्गत सेवा प्रदाता को अवमुक्त कर दिया जायेगा।
4. कोटेशन में उल्लिखित मूल्यों पर ही सामग्री/सेवाओं की आपूर्ति करनी होगी। आपूर्ति के समय मूल्यों में वृद्धि देय नहीं होगा।
5. सामग्री/सेवाओं की आपूर्ति विश्वविद्यालय परिसर ऋषिकेश में करनी होगी। इस हेतु पृथक से कोई माल–भाडा देय नहीं होगा।
6. भुगतान की स्वीकृति नोडल अधिकारी के द्वारा प्रस्तुत संतोषजनक कार्य किये जाने का प्रमाण पत्र उपलब्ध कराये जाने के उपरान्त ही किया जायेगा।
7. संकलित लागत के सापेक्ष मदवार वाईफरकेशन कोटेशन के साथ संलग्न किया जाना अनिवार्य है।
8. सामग्री एवं पृष्ठों की संख्या घटाई एवं बढाई जा सकती है।
9. छपाई जाने वाली सामग्री की प्रुफ रीडिंग नोडल अधिकारी के द्वारा किये जाने के उपरान्त ही मुद्रण का कार्य किया जाना होगा।
10. आपूर्तिकर्ता का चयन एल0–1 के आधार पर किया जायेगा।
11. समाग्री की आपूर्ति आवश्यकता अनुसार घटाई–बढाई जा सकती है।
12. कोटेशन/कार्य आपूर्ति आदेश को बिना कारण बताये निरस्त भी किया जा सकता है।

अतिरिक्त जानकारी के लिये ईमेल आई0 डी0–**convocatonsdsuv2025@gmail.com** एवं मो0 नम्बर 7579265515, 7300573311 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

**(एम0 के0 पाण्डेय),**
मुख्य वित्त अधिकारी।

**<u>प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।</u>**

1. निजी सचिव कुलपति को, मा0 कुलपति महोदय के सूचनार्थ।
2. कुलसचिव।
3. निदेशक, पं0ल0मो0शर्मा परिसर, ऋषिकेश।
4. विश्वविद्यालय एवं परिसर ऋषिकेश की आधिकारिक वैबसाईट तथा नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु।
5. कार्यालय प्रति।

**(एम0 के0 पाण्डेय),**
मुख्य वित्त अधिकारी।